**डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम गुरूवार के लिए पूँछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-01 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 01(क) | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि सेक्टर-3 जानकीपुरम विस्तार लखनऊ में कोई भी जच्चा बच्चा केन्द्र की स्थापना न होने के कारण वहाँ की गर्भवती महिलायें जॉच आदि के लिये या तो अलीगंज नेहरू वाटिका के पास स्थित अस्पताल जाती हैं या बी0के0टी0 जाती है जिस कारण गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड रहा है? | जी, नहीं।<br>राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत सेक्टर-03 जानकीपुरम विस्तार में नगरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर अप्रैल, 2023 से किराये के भवन में संचालित है, जहाँ पर चिकित्सक एवं अन्य स्टॉफ कार्यरत हैं। उक्त सेन्टर पर नियमित ओ0पी0डी0 सेवाओं के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जॉच एवं संदर्भन आदि की सेवायें प्रदान की जा रही हैं। प्रश्नगत स्थल से मात्र 02 कि0मी0 की परिधि में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जानकीपुरम स्थापित है जहाँ जच्चा बच्चा केन्द्र की सुविधा उपलब्ध है। |
| (ख) | यदि हॉ, तो कब तक उक्त स्थान पर जच्चा बच्चा केन्द्र की स्थापना करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) | यदि नही, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
विभाग, उ0प्र0।